न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, गढ़ी (राज0)

पीठासीन अधिकारी: अतुल प्रकाश, आई.ए.एस.

प्रकरण संख्या: 29/2019

उनवान

(1) मृतक प्रकाश पिता अमरजी जाति भील निवासी सुन्दनी के वारिसा:—
1/1. श्रीमती धापु पत्नि स्व0 श्री प्रकाश जाति भील निवासी सुन्दनी तहसील गढ़ी।
1/2. संजु पिता स्व0 श्री प्रकाश जाति भील निवासी सुन्दनी तहसील गढ़ी।
1/3. जीतु पिता स्व0 श्री प्रकाश जाति भील निवासी सुन्दनी तहसील, गढ़ी।
(2) बैसात पिता अमरजी जाति भील निवासी सुन्दनी तहसील गढ़ी जिला बांसवाड़ा।
(3) जगजी पिता अमरजी जाति भील निवासी सुन्दनी तहसील गढ़ी जिला बांसवाड़ा।
(4) श्रीमती वजी बेवा अमरजी जाति भील निवासी सुन्दनी तहसील गढ़ी जिला बांसवाड़ा।

—: प्रार्थीगण

बनाम

(1) तहसीलदार, गढ़ी जिला बांसवाड़ा।

—: अप्रार्थी

प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू—राजस्व अधिनियम

निर्णय

दिनांक: 08.01.2021

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत पार्थना—पत्र का संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार हैं कि प्रार्थीगण की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 2624 रकबा 0.22 हे0 नया सर्वे नम्बर 757 रकबा 21)4 हे0 पुराना एंव सर्वे नम्बर 2684 रकबा 0.03 हे0 नया 694 रकबा 111)1 पुराना की भूमि वाके गांव सुन्दनी पटवार हल्का सुन्दनी तहसील गढ़ी जिला बांसवाड़ा में स्थित होकर प्रार्थीगण उक्त कृषि भूमि के एकमात्र खातेदार कृषक हो काश्त करते चले आ रहे है। प्रार्थीगण के अपने उक्त सर्वे नम्बर की भूमि सुधार कार्य एंव ऋण प्राप्त करने हेतु राजस्व रिकार्ड की जमाबन्दी की नकल प्राप्त करने पर प्रार्थीगण को यह ज्ञात हुआ कि उनके भू—प्रबन्ध से पूर्व की जमाबन्दी संवत 2036 से 2039 व बाद सेटलमेंन्ट संवत 2044 तक प्रार्थीगण के सर्वे नम्बर 2624 रकबा 0.22 हे0 व 2684 रकबा 0.03 हे0 की भूमि राजस्व रेकार्ड में सही रूप से दर्ज की हुई है। प्रार्थीगण के उक्त खाते की भूमि में वर्तमान संवत 2053 तक की जमाबन्दी में सर्वे नम्बर 2624 रकबा 0.22 हे0 के स्थान पर रकबा 0. 03 हे0 एंव सर्वे नम्बर 2684 रकबा 0.03 हे0 के स्थान पर रकबा 0.03 हे0 इन्द्राज हो गया है और संवत 2054 से 2057 में सर्वे नम्बर 2624 रकबा 0.22 हे0 के स्थान पर रकबा 0.03 हे0 एंव 2624 रकबा 22 हे0 के स्थान पर रकबा 0.03 हे0 एंव सर्वे नम्बर 2684 रकबा 0.03 हे0 अंकित हो गया है। इसी तरह संवत 2058 से 2061 में सर्वे नम्बर 2624 रकबा 0.22 हे0 के स्थान पर 0.03 हे0 एंव सर्वे नम्बर 2684 रकबा 0.03 हे0 के स्थान पर रकबा 0.22 हे0 भूमि राजस्व कर्मचारियों की त्रुटी से दर्ज रिकार्ड हो गया हैं जो जमाबन्दी संवत 2062 से 2065, 2066 से 2069, 2070 से 2073 में त्रुटीपूर्ण ही अंकित है। प्रार्थीगण के उक्त सर्वे नम्बर के राजस्व रेकार्ड में प्रार्थीगण के सर्वे नम्बर 2624 रकबा 0.03 हे0 के स्थान पर रकबा 0.22 हे0 एंव सर्वे नम्बर 2684 रकबा 0.22 हे0 के स्थान पर रकबा 0.03 हे0 दुरस्त कर दर्ज दर्ज करवानें हेतु धारा 136 भू—राजस्व अधिनियम के तहत वाद प्रस्तुत हुआ।

प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना—पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादी तहसीलदार (भूमिधारी) गढ़ी के नाम सम्मन जारी किये जाने पर प्रतिवादी तहसीलदार (भूमिधारी) गढ़ी द्वारा जवाब प्रस्तुत किया जाकर कथन किया कि खसरा संख्या 2624 रकबा 0.03 हे0 किस्म—तालाब—2 व खसरा संख्या 2684 रकबा 0.22 हे0 किस्म—भू.प्र. [illegible] 2075 से 2078 में खाता संख्या 260 में दर्ज रिकार्ड है। संवत 2043 कि सेटलमेंन्ट [illegible] के रिकार्ड में खसरा संख्या 2624 रकबा 0.22 हे0 किस्म—भू.प्र व खसरा संख्या 2684 रकबा [illegible] किस्म—तालाबी दर्ज रिकार्ड है। वक्त नवीन जमाबन्दी 2050 से 2053 खाता संख्या [illegible] सर्वे नम्बर 2624 रकबा 0.03 हे0 किस्म—तालाब प्र0 व खसरा संख्या 2684 रकबा 0.03 [illegible] किस्म— भू.प्र. दर्ज है। [illegible] में खसरा संख्या 2624 रकबा व किस्म गलत दर्ज हो गया है। संवत 2043 में खसरा सख्या 2624 व 2684 कि किस्म व रकबा जो रिकार्ड में दर्ज हे जो सही है। संवत 2058 से 2061 में खसरा संख्या 2684 रकबा 0.03 हे0 से 0.22 हे0 किस्म—भू.प्र. दर्ज हो गया है जो कि गलत है। संवत 2043 में

Signature Not Verified
Digitally signed by Atul Prakash
Date: 2021.03.16 11:47:43 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner

उक्त सर्वे नम्बर का रकबा व किस्म गलत दर्ज हो गया है। संवत 2042 में उक्त सर्वे नम्बर का रकबा व किस्म सही दर्ज रिकार्ड होना अवगत कराया।

प्रकरण में प्रार्थीगण के अभिभाषक की बहस सुनी गई। बहस पर मनन् करने तथा प्रार्थीगण की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र, जमाबन्दी खाता संख्या 90 संवत 2050 से 2053, जमाबन्दी खाता संख्या 116 संवत 2054 से 2057, जमाबन्दी खाता संख्या 145 संवत 2058 से 2061, जमाबन्दी खाता संख्या 163 संवत 2062 से 2065, जमाबन्दी खाता संख्या 189 संवत 2066 से 2069, तुलनात्मक पत्र ग्राम सुन्दनी, जमाबन्दी खाता संख्या 194 संवत 2032 से 2035, जमाबन्दी खाता संख्या 216 संवत 2070 से 2073, मिलान क्षेत्रफल ग्राम सुन्दनी, जमाबन्दी खाता संख्या 206 संवत 2036 से 2039, खसरा पत्रक संवत 2038, खसरा परिशोधन पत्र संवत 2039, जमाबन्दी खाता संख्या 98 संवत 2044 की नकल तथा तहसीलदार (भूमिधारी) गढ़ी की ओर से प्रस्तुत जवाब का अवलोकन कर न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहूँचा हैं कि पटवार हल्का सुन्दनी के मौजा सुन्दनी की खाता संख्या 260 (नई) 216 (पुरानी) में दर्ज सर्वे नम्बर 2624 रकबा 0.03 हे0 किस्म–ता–2 के स्थान पर रकबा 0.22 हे0 किस्म–भू.प्र. एंव सर्वे नम्बर 2684 रकबा 0.22 हे0 किस्म–भू.प्र. के स्थान पर रकबा 0.03 हे0 किस्म–तालाबी प्र. बाकि बदस्तुर दर्ज करने का आदेश दिया जाकर निर्णय की प्रति वास्ते पालनार्थ तहसीलदार गढ़ी को भिजवाई जाती है।

निर्णय आज दिनांक 08.01.2021 को सुनाया गया।

(अतुल प्रकाश)IAS
उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी

Signature Not Verified

Digitally signed by Atul Prakash
Date: 2021.03.16 11:47:43 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by CamScanner